सा विद्या या विमुक्तये

# GOVT. DEGREE COLLEGE NAGROTA SURIAN

TEH. NAGROTA SURIAN, DISTT. KANGRA (H.P.)-176027

Phone No : 01893-293686 Email:gcnagrotasuriyan-hp@nic.in

**Reference No.- EDN-GDC-NGRS-G(5) 1/2014-** 372 **Date:-** 19/08/2026

## छात्रवृत्ति-सूचना

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए National Scholarship Portal (NSP) में **"एक विद्यार्थी – अनेक छात्रवृत्तियाँ"** जैसा महत्वपूर्ण **परिवर्तन** किया है। शैक्षणिक सत्र 2026–27 से पात्र विद्यार्थी अब **एक मेरिट-आधारित छात्रवृत्ति** के साथ **एक या अधिक कल्याण-आधारित छात्रवृत्तियों** का एक साथ लाभ प्राप्त कर सकता है। इससे पहले सामान्यतः एक विद्यार्थी को केवल एक छात्रवृत्ति लेने की अनुमति थी।

1. मेरिट-आधारित छात्रवृत्ति (Merit-based Scholarship): शैक्षणिक प्रदर्शन, मेरिट, रैंक अथवा प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियाँ।

उदाहरण: **Central Sector Scheme for university and college student, कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना, INSPIRE आदि।**

2. कल्याण-आधारित छात्रवृत्ति (Welfare-based Scholarship): सामाजिक कल्याण एवं आर्थिक सहायता के उद्देश्य से प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियाँ।

उदाहरण: **Post-Matric Scholarship for (IRDP, SC/ST/OBC आदि)**

NSP पोर्टल की नई सुविधाएँ -

1. एक बार विवरण दर्ज करने की सुविधा (Single Time Entry): सामान्य, शैक्षणिक एवं संस्थान संबंधी विवरण एक बार दर्ज करने के बाद भविष्य में अन्य छात्रवृत्ति आवेदनों में स्वतः प्रदर्शित (Auto-populate) होंगे।
2. योजना-विशिष्ट आवेदन प्रपत्र (Scheme-Specific Forms): अतिरिक्त छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों को केवल उस योजना से संबंधित आवश्यक विवरण भरने तथा निर्धारित दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

सभी पात्र विद्यार्थी NSP की इस नई व्यवस्था का अधिकतम लाभ उठाएँ तथा आवेदन करने से पहले संबंधित छात्रवृत्ति योजना की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज एवं अन्य शर्तों को ध्यानपूर्वक जाँच लें। किसी भी प्रकार की सहायता अथवा जानकारी के लिए महाविद्यालय कार्यालय में छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी डॉ राजेश कुमार से संपर्क करें।

**महत्वपूर्ण टिपण्णी: प्रत्येक छात्रवृत्ति योजना के लिए निर्धारित पात्रता एवं अन्य शर्तों को विद्यार्थी को अलग-अलग पूरा करना अनिवार्य होगा।**

**संयोजक**
**(छात्रवृत्ति एवं वित्तीय सहायता समिति)**
**राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियाँ**

Principal
Govt Degree College
Nagrota Surian,
Distt. Kangra (HP)-176027